मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्र संख्या:टीएस–सीसीटीएनएस–81/2012 दिनांक:लखनऊ:मार्च 10 ,2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश। (जनपद–लखनऊ, गाजीपुर, मुरादाबाद को छोड़कर)

विषय:– सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर जेनरेटर सेट इन्टालेशन के सम्बन्ध में दिशानिर्देश।

कृपया सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत थानों को प्राप्त होने वाले 5 के0वी0ए0 किर्लोस्कर जेनरेटर सेट की डिलीवरी आपके थानों के लिये प्रस्तावित है।

2. चूँकि जेनरेटर का इन्सटालेशन भी आपके थानों पर होना है अतः निम्न कार्य कर लेना उचित होगा:–

(क) स्थान के चयन में यह ध्यान में रखा जाय कि उस स्थान पर पानी न भरता हो।
(ख) स्थान के एक्सेस ठीक हो एक गली की तरह न हो।
(ग) डिलीवरी चालान सत्यापित करना है।
(घ) टेस्टिंग की रिपोर्ट अलग से सत्यापित करना होगा।
(ड.) टेस्टिंग के लिये कम से कम 15 लीटर डीजल जनपद स्तर पर जेनरेटर सेट में डलवाया जायेगा एवं कम से कम आधे से एक घण्टे जेनसेट चलाकर देखा जायेगा, तदोपरान्त टेस्टिंग रिपोर्ट हस्ताक्षरित किये जायेंगे।
(च) जेनरेटर सेट साइलेंट जेनसेट है अर्थात कम आवाज वाला है। इसको मुख्य स्थान से 10–15 मी0 में भी स्थापित कराया जा सकता है जो कि यथा सम्भव शेडेड हो। अनुबन्ध के आधार पर मेन स्विच से जेनसेट केबल (Cable) 10 से 15 मीटर तक ही अनुमोदित है।
(छ) फाउन्डेशन मानक के अनुरूप बना लिए जाये परन्तु बरामदा यथा सम्भव शेड करा दिया जाये
(ज) सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर एनआईआईटी द्वारा जिन जनपदों में जेनरेटर सेट किर्लोसकर मेक की डिलीवरी प्रारम्भ कर दी गयी है। उक्त जनपदों में थानों के सापेक्ष कितने जेनरेटर सेट उपलब्ध कराये जा रहे है और कितने अवशेष हैं। उक्त की सूचना निर्धारित प्रारूप में पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें, लखनऊ को पाक्षिक रूप से जनपद में जेनरेटर सेट किर्लोसकर मेक की डिलीवरी पूर्ण हो जाने तक उपलब्ध करायी जाये।

जनपद का नाम	थानों की संख्या	कितने थानों में जेनरेटर सेट किर्लोसकर मेक उपलब्ध कराया गया	कितने थानों में जेनरेटर सेट किर्लोसकर मेक उपलब्ध कराया जाना अवशेष है।
1	2	3	4

4. सिविल वर्क, फाउन्डेशन, का कार्य सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेमर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड के स्कोप से बाहर है अतः फाउन्डेशन आदि बनाने का कार्य जनपद स्तर से किया जाने हेतु फाउन्डेशन ले–आउट आपको संलग्न कर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें अनुपालन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाय।

10/3/14
(ब्रजेन्द्र भारद्वाज)
कम्प्यूटर अधिकारी
सीसीटीएनएस, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1.पुलिस अधीक्षक तकनीकी सेवायें उ0प्र0, लखनऊ।
2.जोनल पुलिस महानिरीक्षक एवं परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक उ0प्र0।
3.श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेमर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड, लखनऊ।
4.प्रोजेक्ट मैनेजर, SPMU (Ernst & Young) कैम्प–लखनऊ
5.प्रभारी कन्ट्रोल रूम, सीसीटीएनएस, मुख्यालय उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6- वेबसाइट पर अपलोड हेतु।